Regarding setting up of Fertilizer Corporation of India in Haldia

श्री कीर्ति आज़ाद **(बर्धमान-दुर्गापुर) :** माननीय सभापति महोदया जी, मैं ऐसा विषय उठा रहा हूं जिससे सत्ता और विपक्ष, दोनों मेरे साथ सहमत होंगे । यह विषय किसानों से संबंधित है, खाद से संबंधित है, इससे मूल्य सस्ता होगा, रोजगार का सृजन होगा, हम आत्मनिर्भर बनेंगे और इससे विदेशी मुद्रा भी कमा सकते हैं ।

मेरा प्रश्न शुरू होता है, मनसुख मांडविया जी से, जो पहले मिनिस्टर आफ फर्टीलाइजर्स एंड कैमिकल्स थे, उन्होंने वर्ष 2024 में कहा था कि हमारे यहां उर्वरक का उत्पादन 80 प्रतिशत है और वर्ष 2025 में हम इसे 100 प्रतिशत से ज्यादा करना चाहते हैं ।

मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि फर्टीलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड का नाम बदलकर हिंदुस्तान फर्टीलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऑफ इंडिया कहा गया । इसमें बरौनी, दुर्गापुर और हल्दिया तीन जगह थीं । सरकार ने प्रयास किया और बरौनी में फर्टीलाइजर प्लांट शुरू किया और बहुत फायदा हुआ । इस फायदे को देखते हुए माननीय मंत्री जी ने पिछली बार कहा था ।

मेरी मांग है कि यदि फर्टीलाइजर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया हल्दिया में शुरू किया जाए तो हम किसानों को ज्यादा खाद दे पाएंगे, क्योंकि पूर्व में केवल पांच प्रतिशत फर्टीलाइजर मिलता है, उनको सस्ते दाम पर मिले सकेगा । हम इसे बाहर से इम्पोर्ट कर रहे हैं और इसका हमें अधिक दाम देना पड़ रहा है, हम एक्सपोर्ट कर पाएंगे और इससे हमें विदेशी मुद्रा भी मिलेगी ।

मेरी यही मांग है और मुझे पूरा भरोसा है कि संभवत: सदन का मुझे समर्थन और साथ मिलेगा ।